# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

दिनांक : 26.02.2014

समय व दिन : अपरान्ह् 04:00 बजे – बुद्धवार

स्थान : समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय )

दिनांक : 26.02.2014 अपरान्ह् 04:00 बजे – बुद्धवार समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय ) में सम्पन्न हुई कार्य परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः–

1. प्रो0 एस0बी0 निमसे – अध्यक्ष
2. प्रो0 निरूपमा अग्रवाल – सदस्य
3. प्रो0 निधि बाला – सदस्य
4. डॉ0 अशोक कुमार सोनकर – सदस्य
5. डॉ0 महेन्द्र कुमार – सदस्य
6. डॉ0 अनिल कुमार – सदस्य
7. डॉ0 सारनाथ सिंह – सदस्य
8. प्रो0 डी0पी0 तिवारी – सदस्य
9. डॉ0 गीता अस्थाना – सदस्य
10. डॉ0 देश दीपक – सदस्य
11. डॉ0 बबिता जयसवाल – सदस्य
12. डॉ0 आनन्द कुमार विश्वकर्मा – सदस्य
13. डॉ0 एस0पी0 सिंह – सदस्य
14. सुश्री परवीन तल्हा, आई0आर0एस0(सेवानिवृत्त) – सदस्य
15. श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी, आई0ए0एस0(सेवानिवृत्त) – सदस्य
16. कै0 अमिताभ प्रकाश, पी0सी0एस0 – सचिव

बैठक में प्रो0 ए0 चटर्जी (वित्त अधिकारी) भी उपस्थित थे।

Scanned by CamScanner

कार्य परिषद की बैठक आरम्भ करते हुये सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने कार्य परिषद में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्यों यथा प्रो0 अकील अहमद, प्रो0 आर0आर0 सिंह, डॉ0 संध्या सिंह तथा डॉ0 कमाल अहमद खान, के योगदान तथा सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया और परिषद के नवागत सदस्यों – प्रो0 निरूपमा अग्रवाल, डॉ0 एस0पी0 सिंह, डॉ0 बबिता जयसवाल एवं प्रो0 डी0पी0 तिवारी का बैठक में स्वागत किया तथा उनके सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सचिव/कुलसचिव द्वारा बैठक की मदवार कार्यवाही आरम्भ की गयी।

**मद संख्या 01:** परिषद द्वारा कार्य परिषद की बैठक दिनाँक 26.12.2013 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी ।

**मद संख्या 02:** परिषद, दिनाँक 26.12.2013 को सम्पन्न कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही से अवगत हुयी यह भी अपेक्षा की गयी कि भविष्य में जो भी कार्यवाही की जाये उस पत्र की छायाप्रति भी संलग्न की जाये।

**मद संख्या 03:** परिषद द्वारा डॉ0 पूनम टण्डन, आचार्य, भौतिक विज्ञान विभाग, को यू0जी0सी0 द्वारा प्रदत्त यू0जी0सी0 रिसर्च आवार्ड हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शर्तों के अधीन दिनाँक 01.02.2014 से 02 वर्षों का दीर्घ कालीन अवकाश अनुमन्य किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 04:** परिषद द्वारा प्रो0 अकील अहमद, आचार्य, सांख्यिकी विभाग के छः माह के अर्जित अवकाश को निरस्त कर उसके सापेक्ष नगदीकरण किये जाने के सम्बन्ध में प्रकरण पर गहनता से पुर्न विचार कर पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया तथा कार्य परिषद के सदस्य प्रो0 डी0पी0 तिवारी, ने समस्त सदस्यों का ध्यान आकर्षित करते हुये यह अवगत कराया कि अवकाश नगदीकरण के सम्बन्ध में नया शासनादेश आ गया है जो तीन सौ दिनों के नगदीकरण के सम्बन्ध में है को दृष्टिगत करते हुये इस प्रकार के समस्त प्रकरणों को एक साथ परिषद के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने का सुझाव दिया गया जिसमें परिषद द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी।

**मद संख्या 05:** परिषद द्वारा डॉ0 परशुराम पाल, उपाचार्य, हिन्दी विभाग को उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा आयोग, इलाहाबाद में सदस्य के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिनाँक 01.02.2014 से 31.01.2015 तक वेतनरहित असाधारण अवकाश दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 06:** परिषद द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं अन्य अकादमिक स्टॉफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता एवं उच्च शिक्षकों के मानकों के अनुरक्षण के उपाय)(द्वितीय संशोधन) विनियम 2013 की अधिसूचना दिनाँक 13.06.2013 में उल्लिखित धारा – 6.1.0 एवं 6.0.2 में प्रस्तावित संशोधन को विश्वविद्यालय की परिनियमावली में सुसंगत स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाने पर विचार कर सहमति प्रदान की गयी।

Scanned by CamScanner

**मद संख्या 07:** परिषद द्वारा प्रो0 गिरधर गोपाल सनवाल, पूर्व आचार्य, जैव रसायन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रस्तावानुसार ''डॉ0 श्रीमती रजनी सनवाल स्मारक स्वर्ण पदक'' स्थापित किये जाने पर परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी परिषद सदस्य श्री आर0सी0 त्रिपाठी द्वारा यह अभिमत प्रस्तुत किया गया कि जो धन मेडल हेतु विश्वविद्यालय को दिया जा रहा है उसका स्रोत भी बताया जाये। इस पर भविष्य में प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर भी परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**मद संख्या 08:** परिषद द्वारा दिनाँक 26.12.2013 को सम्पन्न कार्य परिषद की बैठक के कार्यवृत्त के मद संख्या 35 में प्रो0 निरूपमा अग्रवाल के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर विचार किया गया। परिषद सदस्य प्रो0 डी0पी0 तिवारी ने अपना अभिमत प्रस्तुत करते हुये यह कहा कि उक्त प्रकरण पर एक कमेटी बनाकर इसका निस्तारण किया जाये जबकि डॉ0 एस0पी0 सिंह, सदस्य, कार्य परिषद ने इस सम्बन्ध में कहा कि चूँकि उक्त प्रकरण न्यायालय में लम्बित है इस लिये किसी प्रकार का हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों को अवगत कराया कि प्रकरण में पूर्व कार्य परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जा चुका है।

**मद संख्या 09(क):** परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज, मोहनलालगंज, लखनऊ में बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष महोदय ने समस्त सदस्यों का ध्यान आकर्षित करते हुये यह कहा कि इस प्रकार के समस्त प्रकरणों हेतु कार्य परिषद की एक उपसमिति का गठन किया जाये जिसकी आख्या प्रकरण के साथ ही कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किये जाये। इस पर समस्त सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की।

**मद संख्या 09(ख):** परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत वीर बहादुर सिंह महिला महाविद्यालय लखनऊ में बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(ग):** परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत सिटी अकेडमिक डिग्री कॉलेज, तिवारी गंज, चिनहट, लखनऊ में बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(घ):** परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत रजत वूमेन कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट में बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(ङ):** परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत श्री महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में बी0कॉम0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned by CamScanner

**मद संख्या 09(च):** परिषद द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, लखनऊ के स्थान पर महाविद्यालय का नाम परिवर्तित कर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला पी0जी0 कॉलेज किये जाने पर विधिक प्रक्रिया उपरान्त कार्यवाही किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(छ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, गोसाईंगंज में एम0ए0(गृह विज्ञान) पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन को सन्दर्भित किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(ज):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत चरक इन्सटीट्यूट ऑफ एजूकेशन, मौरा, लखनऊ में बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(झ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़, विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों की सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 10:** परिषद द्वारा परीक्षा फल सूचना संख्या रिसर्च/01/2014 दिनाँक 06.02.2014 के अनुसार पीएच0डी0/डी0लिट्0 की उपाधि प्रदान किये जाने पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**मद संख्या 11:** कार्य परिषद की बैठक दिनाँक 15.06.2013 के विनिश्चय संख्या–11 में लिये गये निर्णय पर कार्य परिषद द्वारा विचार कर प्रो0 सुधीर कुमार, जीव विज्ञान विभाग को दिनाँक 10.05.2013 से 09.05.2015 तक दो वर्ष की अवधि हेतु अनुमन्य किये गये वेतनरहित असाधारण अवकाश के स्थान पर दीर्घकालीन अवकाश का शुद्धीकरण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(क):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्य नगर, राजाजीपुरम, लखनऊ को बी0एड0 पाठ्यक्रम की 100 अतिरिक्त सीटें सत्र 2014–15 से प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ख):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत चन्द्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय, बख्शी का तालाब लखनऊ में एम0एस0सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम की स्थायी सहयुक्तता सत्र 2014–15 से प्रदान किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन को सन्दर्भित किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ग):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट को बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned by CamScanner

**मद संख्या 12(घ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर, लखनऊ को बी०ए० एवं बी०कॉम० पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ङ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शेरवुड कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट, सेक्टर –25, इन्दिरा नगर, लखनऊ को बी०बी०ए० एवं बी०बी०ए०(टूरिज्म) पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रादन किया गया।

**मद संख्या 12(च):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शेरवुड कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट, सेक्टर –25, इन्दिरा नगर, लखनऊ को बी०सी०ए० पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(छ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्वतन्त्र गर्ल्स डिग्री कॉलेज, आलमबाग, लखनऊ को बी०एड० पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 के लिए अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ज):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय, देवरी रुखारा, बक्शी का तालाब, लखनऊ को बी०ए० एवं बी०कॉम० पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(झ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत राम प्रसाद बिस्मिल मेमोरियल डिग्री कॉलेज, काकोरी को बी०बी०ए० पाठ्यक्रम में स्थायी सहयुक्तता सत्र 2014–15 से प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ञ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कॉलेज ऑफ इन्नोवेटिव मैनेजमेन्ट एण्ड साइंस, विपुल खण्ड–06 गोमती नगर, लखनऊ को बी०बी०ए० पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ट):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बोरा इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज़, सीतापुर रोड, लखनऊ को बी०एड० पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ठ):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत डा० आशा स्मृति महाविद्यालय, देवा रोड, लखनऊ को बी०कॉम० पाठ्यक्रम में स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 12(ड):** परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत ज्ञानोदय महाविद्यालय को बी०ए०, बी०कॉम० बी०बी०ए० एवं बी०सी०ए० पाठ्यक्रमों में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned by CamScanner

**<u>मद संख्या 12(ढ):</u>** विश्वविद्यालय से सहयुक्त विभिन्न महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दो वर्ष पूर्व प्रदत्त अस्थायी सहयुक्तता (अर्थात सत्र 2012–13 से 02 वर्षों हेतु) को सत्र 2014–15 के लिए विस्तारण प्रदान किये जाने पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**<u>मद संख्या 13:</u>** श्री यू0बी0एस0 गौतम, सेवानिवृत्त, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, को मा0 कुलपति जी द्वारा निर्गत आरोप – पत्र संख्या वी0सी0–13/2008 दिनॉक 04.01.2008 पर अद्यतन अन्तिम निर्णय न हो पाने के कारण कार्य परिषद के कार्योत्तर स्वीकृति की प्रत्याशा में गठित अनुशासनिक समिति को परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। परिषद सदस्य श्री आर0सी0 त्रिपाठी द्वारा मत व्यक्त किया गया कि कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग को संयोजक नामित करते हुये अनुशासनिक समिति का गठन किया जाय। पर मा0 परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

<u>**कार्य सूची के इतर मद**</u>

**<u>मद संख्या 01:</u>** चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर निम्नलिखित विभागों में Asst. Professor के पद पर संविदा (on contractual basis) शिक्षकों की नियुक्ति पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया :–

1. Asst. Professor Geography - विज्ञापन संख्या 1/2014 दिनाँक 18.01.2014 पर Asst. Professor के पद पर नियुक्ति हेतु कोई भी अभ्यर्थी योग्य नहीं पाया गया।

2. Asst. Professor Home Science विज्ञापन संख्या 1/2014 दिनाँक 18.01.2014 पर Asst. Professor के पद पर नियुक्ति हेतु क्रम संख्या एक पर डॉ0 मीरा सिंह (अनारक्षित) तथा क्रम संख्या दो पर डॉ0 सोनिया आनन्द (अन्य पिछड़ा वर्ग) का चयन किया गया।

3. Asst. Professor Computer Science विज्ञापन संख्या 1/2014 दिनाँक 18.01.2014 पर Asst. Professor के पद पर नियुक्ति हेतु क्रम संख्या एक पर श्री ताज आलम (अनारक्षित) एवं श्री विवेक कुमार(waiting) तथा क्रम संख्या दो पर डॉ0 राजेश कुमार गौतम (अनुसूचित जाति)का चयन किया गया ।

4. Asst. Professor Journalism विज्ञापन संख्या 1/2014 दिनाँक 18.01.2014 पर Asst. Professor के पद पर नियुक्ति हेतु क्रम संख्या एक पर श्री पिन्टू जोरडर (अनुसूचित जाति) तथा क्रम संख्या दो पर सुश्री सुरभी यादव(अन्य पिछड़ा वर्ग) का चयन किया गया।

Scanned by CamScanner

4. Asst. Professor Journalism विज्ञापन संख्या 1/2014 दिनाँक 18.01.2014 पर Asst. Professor के पद पर नियुक्ति हेतु क्रम संख्या एक पर श्री पिन्टू जोरदूर (अनुसूचित जाति) तथा क्रम संख्या दो पर सुश्री सुरभी यादव(अन्य पिछड़ा वर्ग) का चयन किया गया।

**मद संख्या 02:** डॉ0 राम मनोहर लोहिया इन्सटीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, विभूति खण्ड, गोमती नगर में PG Diploma in Radiological Physics एवं M.Sc. in Nuclear Medicine पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभागान्तर्गत संचालित करने हेतु परिषद द्वारा सर्व सम्मति से विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 03:** परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनाँक 25.02.2014 के कार्यवृत्त पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 04:** परिषद द्वारा उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 31(2) के प्राविधानानुसार डॉ0 पूनम टण्डन को आचार्य भौतिक विज्ञान के पद पर स्थायीकरण उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि दिनाँक 15.03.2007 से दो वर्ष पूर्ण होने की तिथि यथा दिनाँक 15.03.2009 से किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 05:** परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2011–12 की वार्षिक रिपोर्ट पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 06:** परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2012–13 की वार्षिक रिपोर्ट पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

(प्रो0 एस0बी0 निमसे)
कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

(कै0 अमिताभ प्रकाश)
कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

Scanned by CamScanner